तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 5 मार्च 2025

14 बिना भक्ति नहीं मिलते भगवान : प्रमोद कृष्ण

12 इस बार हर्बल गुलाल से मनेगी होली, समूह की ...




## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद नाम की कोई योजना नहीं

**बालोद**। जिले में मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना का भ्रामक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला महिला बाल विकास अधिकारी ने बताया कि उनके विभाग में मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना के नाम से कोई भी योजना संचालित नहीं की जा रही है। उन्होंने आम जनता से इस तरह के सोशल मीडिया में प्रसारित खबरों को नजर अंदाज करने की अपील की है।

### नगर पंचायत डोंडी में शपथ ग्रहण समारोह आज

**डोंडी**। नगरी निकाय चुनाव संपन्न होने के पश्चात नगर सत्ता पर हुकूमत करने उत्साहित नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का शपथ ग्रहण समारोह 5 मार्च को दोपहर 11 बजे नगर पंचायत के संस्कृति भवन में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष मोहन्तिन चौरका सहित नगर के 15 पार्षद पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद भोजराज नाग होंगे, अध्यक्षता विधायक अनिला भेड़िया करेंगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख, भाजपा मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने नगर वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस शपथ ग्रहण समारोह में अपनी सहभागिता प्रदान करने का आग्रह किया है।

### नगर पालिका परिषद बालोद व दल्लीराजहरा में शपथ ग्रहण 8 को

**बालोद**। उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि पूर्व तिथि में संशोधन करते हुए अब 08 मार्च को निर्वाचित पार्षदों का शपथ ग्रहण एवं प्रथम सम्मिलन 10 मार्च 2025 को आहुत किया गया है। इसके अंतर्गत नगर पालिका परिषद बालोद के लिए एसडीएम सुरेश कुमार साहू को शपथ ग्रहण के लिए प्राधिकारी एवं प्रथम सम्मिलन के लिए पीठासीन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी तरह नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के लिए अपर कलेक्टर अजय किशोर लकरा को शपथ ग्रहण हेतु प्राधिकारी एवं प्रथम सम्मिलन के लिए पीठासीन प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद बालोद में शपथ ग्रहण 08 मार्च को सुबह 11 बजे एवं प्रथम सम्मिलन 10 मार्च को सुबह 11 बजे से तथा नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में शपथ ग्रहण 08 मार्च को दोपहर 01 बजे तथा प्रथम सम्मिलन 10 मार्च को दोपहर 02 बजे आयोजित किया गया है।

**सियासत : डौंडी जनपद में चुनाव के लिए 4 मार्च की तिथि की गई थी निर्धारित**

# जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनाव की तिथि बदली, कांग्रेस नेताओं ने किया जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

मंगलवार को जनपद पंचायत कार्यालय में जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव को लेकर भाजपा और कांग्रेस समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। बता दें कि शासन द्वारा डौंडी जनपद पंचायत में जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए 4 मार्च मंगलवार की तिथि नियत की गई थी। इसके लिए कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्य एवं कुछ निर्दलीय जनपद सदस्य समय पर कार्यालय पहुंच गए।

उसके बाद जनपद में उपस्थित एसडीएम आरके सोनकर एवं अन्य अधिकारियों ने जिला कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल द्वारा जारी पत्र क्रमांक 371 दिनांक 03/03/2025 का हवाला देते हुए अपरिहार्य कारणों से जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव की तिथि में परिवर्तन कर 10 मार्च किए जाने की जानकारी दी। इतना सुनते ही वहां पहुंची विधायक अनीला भेड़िया के साथ ही कांग्रेस समर्थित जनपद सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। उन्होंने पूछा कि बिना पूर्व सूचना के अचानक तिथि परिवर्तन क्यों किया गया। इसके साथ ही आज ही चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर कार्यालय के अंदर सभागार में पहुंचे 9 जनपद सदस्य धरने पर बैठ गए। वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया के नेतृत्व में जनपद ▶▶| शेष पेज 12 पर

**अब 10 मार्च को होगा जनपद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव**



### भाजपा-कांग्रेस ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

इस अप्रत्याशित घटनाक्रम को लेकर माहौल बिगड़ता देख जिले से पहुंचे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, सीएसपी देवांश राठौर, थाना प्रभारी रविकांत पांडे, रेवती वर्मा, सीएसपी राजहरा चित्रा वर्मा, राजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की, डौंडी थाना प्रभारी उमा ठाकुर सहित भारी पुलिस बल अंत तक डटे रहे। अंत में पुलिस अधिकारियों सहित एसडीएम डौंडी, तहसीलदार डौंडी देवेंद्र नेताम, सीईओ जनपद डीडी मंडले की समझाइश के बाद लगभग 4 बजे सभी जनपद सदस्य जनपद कार्यालय से बाहर निकले और अपने गंतव्य के लिए रवाना हुए।



### जनपद सदस्यों पर दबाव बनाने व खरीद-फरोख्त के लिए स्थगित किया चुनाव : विधायक अनिला

विधायक अनिला भेड़िया ने कहा कि सत्ता का दुरुपयोग कर इस घटना को अंजाम दिया गया है। जिले के अधिकारी कठपुतली बनकर भाजपा के लिए काम कर रहे हैं। इस घटना को लेकर राजधानी में चल रहे विधान सभा सत्र में भी ध्यानाकर्षण करवाया गया है। आज जिले में डौंडी ब्लॉक सहित डौंडीलोहारा में चुनाव होना था, किंतु डौंडीलोहारा में भाजपा का बहुमत होने के कारण वहां चुनाव स्थगित नहीं किया गया और डौंडी ब्लॉक में बहुमत नहीं होने के कारण कांग्रेस और निर्दलीय जनपद सदस्यों पर दबाव बनाने और खरीद फरोख्त करने के लिए चुनाव को स्थगित कर दिया गया है।

### कलेक्टर के आदेश को देखते हुए स्थगित किया गया चुनाव

पीठासीन अधिकारी आरके सोनकर ने कहा कि आज का चुनाव 3 मार्च के आदेश को लेकर स्थगित किया गया है। आगामी चुनाव 10 मार्च को है। तिथि परिवर्तन को लेकर कुछ आक्रोश था, जिसे जानकारी देकर समझाया गया है। सभी सदस्य सहमत हैं।

### हार से बौखलाई है कांग्रेस : भाजपा

भाजपा के डौंडी प्रभारी कृष्णकांत पवार ने कहा कि कांग्रेस के नेताओं ने जबरदस्ती हंगामा किया। जबकि सभी जनपद सदस्यों की सभी निर्णय पर सहमति बनी है। इसी तरह भाजपा नेता मनीष झा ने बताया कि यह चुनाव की प्रक्रिया है। साथ ही हंगामे को लेकर कहा कि कांग्रेस त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी हार से बौखलाई हुई है।

### किसी के दबाव में काम न करें अधिकारी : पुनीत

जनपद सदस्य पुनीत सेन ने बाहर निकलकर कहा कि यह लोकतंत्र की हत्या है। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष कोई भी बने, हम सभी पंद्रह सदस्य एक परिवार है। किंतु जिले के अधिकारियों को इस प्रकार से किसी के दबाव में काम करना शोभा नहीं देता है।

# अतिक्रमण हटाने व शराब की अवैध बिक्री रुकवाने लेकर कलेक्टर से मिले नागरिक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित जनदर्शन में पहुँचे लोगों से मुलाकात कर उनकी मांगों एवं समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर जनदर्शन में पहुँचे लोगों की समस्याओं के समुचित निराकरण के लिए त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में गुरूर विकासखण्ड के ग्राम मुंजाल निवासी निरंजन कुमार ने अपने गांवों के प्राथमिक शाला भवन के जर्जर होने पर उनके स्थान पर नवीन भवन निर्माण करने की मांग की। बालोद विकासखण्ड के ग्राम रेवती नवागांव के निवासी गेंदलाल नागवंशी ने अपने गांव से गुजरने वाली कैनाल की नाली में अपने खेतों तक आवगमन के लिए पुलिया निर्माण करने की मांग की।

- कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे लोगों से की मुलाकात सुनी समस्याएं

गुरूर विकासखण्ड के ग्राम चिरचारी निवासी लेखराम साहू ने अपने गांव की गली में अवैध रूप से निर्माणाधीन मकान के अलावा आंगनबाड़ी भवन के समीप किए गए अतिक्रमण को हटवाने की मांग की। ग्राम भूलनडबरी निवासी तोखन लाल साहू ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लंबित मजदूरी भुगतान की राशि की मांग की। इसके अलावा जनदर्शन में आज बड़ी संख्या में पहुँचे बालोद विकासखण्ड के ग्राम मुल्ले के ग्रामीणों ने अपने गांवों में अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की।

**पाठक सूचना**
बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# जनपद पंचायत डौंडी लोहारा में अध्यक्ष उपाध्यक्ष दोनों पदों पर भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जनपद पंचायत डौंडीलोहारा में तय तिथि के अनुसार 4 मार्च को अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। इसके तहत अध्यक्ष कांति बाई साहू फरदफोड़ व उपाध्यक्ष जयलाल मालेकर भरदा लो निर्वाचित घोषित किए गए। दोपहर लगभग 12:00 अधिसूचना जारी होने के बाद चुनाव प्रक्रिया आरंभ हुई। भाजपा की ओर से कांतिबाई साहू व कांग्रेस से टीकम बरसन निषाद ने नामांकन दाखिल किया। चुनाव के दौरान कांतिबाई साहू को 16 मत व टीकम बरसन निषाद को 9 मत प्राप्त हुए। इसी प्रकार भाजपा से उपाध्यक्ष पद के लिए जयलाल मालेकर को 16 व कांग्रेस के भूपेश नायक को 9 मत प्राप्त हुआ। इस तरह कांति बाई साहू जनपद पंचायत अध्यक्ष व जयलाल मालेकर उपाध्यक्ष घोषित किए गए।

- फरदफोड़ की कांति साहू अध्यक्ष व भरदा लो के जयलाल मालेकर उपाध्यक्ष निर्वाचित





### भाजपाइयों ने मनाया जीत का जश्न

जनपद पंचायत अध्यक्ष व उपाध्यक्ष दोनों भाजपा की झोली में आने के बाद भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता में हर्ष का माहौल है। निर्णय आने के पूर्व भारी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता जनपद पंचायत परिसर के पास एकत्रित हो गए थे। वहीं, परिणाम आने के बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया।

**मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

# प्रधानमंत्री दक्ष योजना के विद्यार्थियों ने मांगा प्रमाण-पत्र, छात्रवृत्ति भी मांगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

पीएम दक्ष योजना के विद्यार्थियों ने प्रमाण-पत्र के साथ छात्रवृत्ति दिलाने की मांग करते हुए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में विद्यार्थियों ने मांग की है कि पीएम दक्ष योजना के अंतर्गत हमने 21 फरवरी 2024 से 5 अगस्त 2024 तक झलमला एवं बालोद सेंटर में निरंतर अपनी उपस्थिति प्रदान की है। इसके अंतर्गत केन्द्र संचालक द्वारा हम अभ्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ छात्रवृत्ति प्रदत्त करने की बात कही गई थी, लेकिन ट्रेनिंग पूर्ण हो जाने के बाद भी किसी तरह का प्रमाण पत्र एवं छात्रवृत्ति आज तक प्रदान नहीं किया गया है।

विद्यार्थी राहुल साहू, अनिता, पेमिन, भारती, मोहित, हर्ष कुमार



तुलेश्वरी, निहाल, मीनेश ने बताया किअ प्रारंभ में उन्हें इस योजना के तहत प्रशिक्षण व शिक्षा प्राप्त करने के लिए कई तरह के प्रलोभन दिए गए। इस योजना के तहत प्रशिक्षण लेने पर शासन द्वारा कई तरह की योजनाओं में प्राथमिकता देने की बात भी कही गई तथा शिक्षा व प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रमाण प्रत्र प्रदान करने व उस प्रमाण पत्र का अन्य जगहों में महत्व की बात बताई गई थी। इस पर हमने इस पाठ्यक्रम के तहत प्रशिक्षण लिया। लेकिन, अब हमें प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है। युवाओं ने बताया कि इस पाठ्यक्रम के कारण हम अन्य पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश नहीं ले पाए, जिससे हमारा एक साल खराब हो गया।

युवाओं ने कहा कि प्रवेश लेने के दौरान हमें छात्रवृत्ति देने की बात भी कही गई थी, लेकिन हमारे खाते में आज तक एक रूपया भी नहीं आया है। वहीं, अब कार्यालय जाने पर गोल-मोल जवाब दिया जाता है। वहीं, कुछ विद्यार्थियों ने बताया कि बार-बार कार्यालय जाने पर हमें बिना सील सिग्नेचर वाला प्रमाण पत्र वाट्सअप के माध्यम से मोबाईल में भेज दिया गया।



## खबर संक्षेप

### एनीमिया मुक्त अभियान को गति देने मैदानी ट्रेनिंग

**रायपुर।** देश को एनीमिया मुक्त बनाने चलाए जा रहे अभियान को सफल बनाने के लिए मैदानी अमले को प्रशिक्षित किया जा रहा है। सोमवार को रेडक्रास सोसायटी सभाकक्ष में अंतर्विभागीय टीओटी प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग में ब्लॉक स्तर के चिकित्सा अधिकारी, आरएमए, बीईटीओ, बीपीएम, सीडीएम, फार्मासिस्ट, सीएचओ, जेएसए तथा महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्कूल शिक्षा विभाग से टीचर उपस्थित रहे।

### मोवा मुख्य मार्ग पर लिया सफाई का जायजा

**रायपुर।** जोन-9 क्षेत्र के मोवा मुख्य मार्ग एवं आनंदम सिटी के पास सोमवार को स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान की तैयारियों का जायजा अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा ने लिया।

## निधन

### मन्नूलाल देवांगन



**गुरूर।** ग्राम पेण्डरवानी निवासी मन्नूलाल देवांगन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार ग्राम पेंडरवानी में किया गया। वे पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत पेंडरवानी गिरधारी लाल देवांगन के पिता थे।

### मोतीलाल साहू



**गुरूर।** नगर के सेवानिवृत्त शिक्षक मोतीलाल साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे मनोज कुमार, बबलू साहू के पिता व पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष वर्षा साहू के ससुर थे।

### बहुर सिंह ठाकुर



**जामगांव आर।** ग्राम करेला निवासी बहुर सिंह ठाकुर गुरुजी का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम करेला के मुक्तिधाम में किया गया। वे भाजपा कार्यकर्ता प्रमोद ठाकुर के पिता थे।

## पेज 11 के शेष

### जनपद अध्यक्ष और ...

कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और जिला प्रशासन सहित भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान भाजपा समर्थकों एवं नेताओं ने आरोप लगाया कि तीन निर्दलीय जनपद सदस्यों का कांग्रेस नेताओं ने अपहरण कर लिया है, उन्हें बाहर निकाला जाए। उक्त अवसर पर भाजपा के दिग्गज कृष्णकांत पवार, सौरभ लूनिया, शुभ सिंह कोरेटी, सोमेश साहू, दिनेश अग्रवाल, मनीष झा, रुपेश नायक, अजय चौहान, स्वाधीन जैन, विशाल जैन, नीलेश जायसवाल, पवन साहू, राधिका भारद्वाज, चंद्र लेखा पायला के साथ ही कांग्रेस के दिग्गजों में अनीला भेड़िया, जतिन भेड़िया, अनिल सुथार, रेवा रावटे, पीयूष सोनी, कृष्णा दुबे, रति राम कोसमा, रवि जायसवाल, कैलाश राजपूत, कोमलेन्द्र चंद्राकर, कोमेश कोर्राम, लोमश धुर्वे, बसंती दुग्गा, रविकांत देशमुख सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

---

**प्रतिक्रिया**

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को भाजपा नेताओं ने सराहा

# छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास का बजट हर क्षेत्र का रखा गया है पूरा ध्यान : भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को भारतीय जनता पार्टी ने पूरे छत्तीसगढ़ के सर्वांगीण विकास का बजट बताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट प्रस्तावों में सभी वर्गों का सभी क्षेत्रों का विकास की दृष्टि से समुचित ध्यान दिया है। देशमुख ने कहा कि इस बजट में विशेषकर बस्तर, सरगुजा, वनवासी क्षेत्र, आदिवासी अंचल, जहां पर विकास की अनेक संभावनाएँ हैं। चेमन देशमुख ने कहा कि इस बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, युवाओं की दृष्टि से, मातृ शक्तियों का सम्मान बढ़ाने, किसान भाइयों के लिए हो और उद्योग की दृष्टि से चाहे वह बड़े उद्योग हो लघु उद्योग हो मध्यम उद्योग हो, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान में रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के पाँचों संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए है।

पूर्व जिला अध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है। जिस कल्पना और विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था उस उद्देश्य की पूर्ति करते हुए साय सरकार विकास के पथ पर अब दौड़ने लगी है। भाजपा के निवर्तमान जिला अध्यक्ष पवन साहू ने प्रदेश सरकार को बजट प्रावधानों का स्वागत करते हुए कहा कि किसानों के हित को ध्यान में रखकर छत्तीसगढ़ सरकार के बजट में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना की घोषणा करके 46 करोड़ रुपये का बजटीय प्रावधान किया गया है। इससे राज्य में सूक्ष्म और लघु खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को आर्थिक सहायता मिलेगी।

### स्वास्थ्य सुविधाओं खेल व संस्कृति को मजबूती मिलेगी

पूर्व बाल संरक्षण आयोग अध्यक्ष यशवंत जैन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने इस बजट में खाद्य सुरक्षा के लिए 5,326 करोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लिए 1800 करोड़, डॉ आंबेडकर अस्पताल के कार्डियक सर्जरी विभाग के विस्तार के लिए 10 करोड़ और डॉ भीमराव आंबेडकर अस्पताल में उपकरणों के लिए 20 करोड़ का प्रावधान करने के साथ ही सरोना रायपुर में 100 बिस्तर अस्पताल बनाने की घोषणा करके प्रदेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य सुविधा से समृद्ध बनाने का काम कर रही है। जैन ने कहा कि बजट 2025 में राज्य के युवाओं और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत खेल सुविधाओं के विस्तार की घोषणा से राज्य में खेल संस्कृति को मजबूती मिलेगी।



### प्रदेश सरकार के विजन को दर्शाने वाला बजट

पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि इस बजट में गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति एवं नौजवान साथियों के जीवन में मूलभूत बदलाव के लिए कई दूरगामी घोषणाएं की गई हैं, जो विष्णुदेव साय सरकार की प्रदेश के लिए विजन को दर्शाता है। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार के बजट में शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि स्कूल और कॉलेजों में 20 हजार शिक्षकों की नई भर्ती होगी। 17 नगरीय निकायों में नालंदा परिसर की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान करके प्रदेश सरकार ने अध्ययनशीलता को बढ़ावा देने का उल्लेखनीय कार्य कर रही है।

### बजट में छत्तीसगढ़ की रजत जयंती की झलक

प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कहा कि बजट में रजत जयंती की झलक साफ तौर पर दिखी। बालोद के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने कहा कि यह बजट छत्तीसगढ़ के विकास को गति देने वाला बजट है। बजट में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, पशुपालन, आवास सभी विभागों पर फोकस किया गया है। इसके साथ ही शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए एक नए संस्थान एनआईएफटी बनाने का प्रावधान किया गया है। नया रायपुर में मेडिसिटी एवं एजुकेशन सिटी की स्थापना से युवाओं को रोजगार की उपलब्धता बढ़ेगी साथ ही नया रायपुर में शहरी प्रबंधन संस्थान की स्थापना से सभी को लाभ मिलेगा।

### सभी नागरिकों को स्वयं का घर दिलाने की पहल

पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने किसानों की तरक्की के लिए कृषक उन्नति योजना में 10 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसके साथ ही सभी नागरिकों को उनके स्वयं का घर दिलाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। गांवों में रहने वाले ग्रामीणों के लिए पीएम आवास 8500 करोड़ रुपए बनेगा। वहीं, मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 100 करोड़ रुपए दी। जिला महामंत्री राकेश छोटू यादव ने कहा कि तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में इस बजट में बड़े कदम उठाए गए हैं। 24 सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा, जिससे तकनीकी शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

### नारी शक्ति के उत्थान का संकल्प

नव निर्वाचित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने प्रदेश सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि महिला एवं बाल विकास के लिए 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान करके प्रदेश सरकार ने संवेदनशीलता का परिचय दिया है। नए आंगनबाड़ी बनाने 42 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। नारी शक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित प्रदेश सरकार ने इस वर्ष नारी के उत्थान के लिए 5 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। रेडी टू इट का कार्य पुनः महिला स्व सहायता समूहों को देना प्रारंभ कर दिया है। आने वाले समय में 8 लाख समूहों की महिलाओं को लखपति दीदी बनाए जाने का लक्ष्य है।

### प्रदेश की उन्नति की नई दिशा तय करने का प्रयास

जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया ने कहा बजट प्रस्ताव ऐतिहासिक है और यह केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की उन्नति की नई दिशा तय करने वाला प्रयास है। यह बजट प्रदेश की प्रगति को गति देकर छत्तीसगढ़ को महाशक्ति बनाने वाला बजट है। बजट में पंजीयन के 20 केंद्र मॉडल बनाने और हक़ त्याग शुल्क अब मात्र 500 रुपये में करने की घोषणा से आम जनता को काफी राहत दी जा रही है।

---

# इस बार हर्बल गुलाल से मनेगी होली समूह की महिलाएं कर रही हैं निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनोरा में बिहान योजना अंतर्गत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा हर्बल गुलाल निर्माण का अवलोकन किया।

सीईओ डॉ. कन्नौजे ने समूह की महिलाओं को स्वयं तथा अन्य लोगों

- जिला पंचायत सीईओ ने किया निर्माण व पैकेजिंग इकाई का अवलोकन

को भी हर्बल गुलाल के उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही निर्मित किए जा रहे हर्बल गुलाल के बेहतर पैकेजिंग एवं हर्बल गुलाल के बिक्री हेतु किए जा रहे उपायों की जानकारी ली। उन्होंने हर्बल गुलाल के विक्रय के लिए समूह की महिलाओं को जिला एवं ब्लाक मुख्यालय के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं से संपर्क कर हर्बल गुलाल के विक्रय हेतु समन्वय स्थापित करने को कहा।

उन्होंने हर्बल गुलाल की आकर्षक पैकेजिंग पर विशेष ध्यान देने की बात कही। जिससे हर्बल गुलाल और अधिक प्रतिस्पर्धा के साथ बाजार में व्यापक विक्रय हेतु उपलब्ध हो सके। इस दौरान सहायक विकास विस्तार अधिकारी लक्ष्मी ठाकुर ने बताया कि समूहों की ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित हर्बल गुलाल का रायपुर के व्यापारी से 200 किलोग्राम गुलाल का आर्डर प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि हर्बल गुलाल का मूल्य 100 से 120 रुपए प्रति किलो रखा गया है। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने हर्बल गुलाल की बिक्री के लिए स्थानीय बाजार एवं विभिन्न शासकीय कार्यालयों यथा जिला पंचायत, कलेक्टोरेट, जनपद पंचायतों में स्टॉल लगाकर नियमित रूप से विक्रय करने को कहा। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) योजनांतर्गत जिले के गठित 20 क्लस्टर संगठनों की 172 महिलाओं द्वारा होली के अवसर पर हर्बल गुलाल (रसायन मुक्त) का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें नीम, पालक, गैन्दा, कनेर, पलास एवं चुकन्दर जैसे फुल, पत्तियों एवं फलों के रसो का प्रयोग कर यह हर्बल गुलाल तैयार किया गया। हर्बल गुलाल के प्रयोग से त्वचा की सुरक्षा एवं पर्यावरण में होने वाले वायु, पानी के प्रदूषण को कम करने एवं साथ ही साथ स्व–सहायता समूहों की ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार को बढ़ाने हेतु हर्बल गुलाल के निर्माण एवं इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया जा रहा हैं।

### अगरबत्ती निर्माण इकाई का भी किया अवलोकन

इसके साथ ही जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. कन्नौजे ने गुरुर विकासखंड में संचालित अगरबत्ती निर्माण इकाई का भी अवलोकन किया गया है। इस दौरान अगरबत्ती निर्माण इकाई की महिला ने बताया कि हम 8 महिलाओं द्वारा पिछले 02 वर्षों से अगरबत्ती का निर्माण किया जा रहा है। जिससे हमें प्रतिमाह 06 से 07 हजार रुपए की आमदनी हो जाती है। परिवार के अन्य आय स्त्रेतों के साथ हम इस वर्ष लखपति बने हैं। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने सभी महिलाओं को बधाई देते हुए ग्राम की अन्य महिलाओं को भी बिहान योजना अंतर्गत लखपति बनने के लिए प्रेरित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

---

जंतु राम पिता भगवान सिंह, उम्र 44 वर्ष
जाति-राउत, निवासी ग्राम-चिलमगोटा
तहसील-डौंडीलोहारा, जिला बालोद छ.ग.
आ.नं. 9250 2319 5450 ..... शपथकर्ता

**शपथपत्र**

मैं शपथकर्ता उपर लिखे नामांकित निम्न लिखे ब्यान शपथपूर्वक देता हूं-

1. यह कि मेरा नाम व पूरा पता उपर लिखे अनुसार है।
2. यह कि भारतीय जीवन बीमा निगम के अंतर्गत नंद झरूखा यादव पिता राजेन्द्र कुमार के नाम पर एक पॉलिसी खोला गया है। जिसका पॉलिसी क्रमांक 383783556 है।
3. यह कि पॉलिसी खोलने के समय मेरा नाम जंतु राम के स्थान पर नंद झरूखा यादव पिता राजेन्द्र कुमार बाण्ड पेपर में दर्ज हो चुका है जो कि गलत है।
4. यह कि मुझ शपथकर्ता के समस्त रिकार्ड जैसे आधार कार्ड पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, राशन कार्ड, बैंक पास बुक में मेरा सही एवं वास्तविक नाम जंतु राम पिता भगवान सिंह दर्ज है जो कि सत्य व सही है।
5. यह कि बाण्ड पेपर पर लिखे नाम नंद झरूखा यादव पिता राजेन्द्र कुमार यादव एवं समस्त दस्तावेज में लिखे जंतु राम पिता भगवान सिंह दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है तथा इसी दोनों नामों से जाना पहचाना व पुकारा जाता हूं तथा प्रसिद्ध हूं।
6. यह कि शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत करने हेतु आवश्यकता हुआ है इस शपथ पत्र में लिखी गई समस्त बातें सत्य व सही है, गलत पाए जाने पर इसकी संपूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता का होगा। अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता एतद द्वारा सत्यानिष्ठा पूर्वक अभिपुष्टि करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 1 से 6 तक मेरी निजी जानकारी से सत्य है अतः आज दिनांक 16.01.2025 को मुकाम डौंडीलोहारा में सत्यापित किया हूं।

शपथकर्ता

---

# सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को बीएसएफ के जवानों ने सीपीआर देकर जान बचाई

**रायपुर।** नया रायपुर में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे बीएसएफ के जवानों ने अपनी गाड़ी रोक कर युवक को कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) देकर जान बचाई। युवक को सीपीआर देने के बाद बीएसएफ के जवानों ने घटना की जानकारी डॉयल 112 को दी। डॉयल 112 के पहुंचने में देर होने पर जवानों ने युवक को एंबुलेंस की मदद से एक निजी अस्पतार उपचार के लिए रवाना किया। युवक की पहचान नहीं हो पाई है। घटना राखी थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने इस संबंध में अब तक किसी भी प्रकार की सूचना नहीं मिलने की बात कही। बीएसएफ जवानों द्वारा युवक को सीपीआर देने का वीडियो वायरल हुआ है।

दोपहर 11 से 12 के बजे के बीच नवा रायपुर के सुनसान रास्ते में एक युवक तेज रफ्तार बाइक चलाते हुए आ रहा था। इसी दौरान मोड़ के पास बैलेंस बिगड़ने से युवक अपनी बाइक कंट्रोल नहीं कर पाया और वह बाइक सहित डिवाइडर में जाकर टकरा गया। युवक डिवाइडर से टकराकर गिर गया।

# डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



नगर पंचायत डौण्डीलोहारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम एवं पार्षदगणों का शपथ ग्रहण समारोह 5 मार्च को दोपहर 3 बजे से आयोजित किया गया है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव होंगे। वहीं, डौंडीलोहारा विधायक अनिला भेड़िया, जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निज सहायक तुलसी कौशिक, गृह निर्माण मंडल के पूर्व अध्यक्ष नीलू शर्मा, बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष यशवंत जैन, राकेश यादव प्रभारी डौण्डीलोहारा, देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता, देवेन्द्र जायसवाल, कुसुम शर्मा मंडल अध्यक्ष विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने बताया कि नगर पंचायत चुनाव में शानदार जीत के बाद नगर पंचायत के अध्यक्ष और समस्त नवनिर्वाचित पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह में भारतीय जनता पार्टी मंडल में निवासरत सभी भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ ही जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं समस्त जनपद सदस्य एवं समस्त नगर वासियों को आमंत्रित किया गया है।










मान. विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
मान. अरुण साव
उपमुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
मान. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री, छ.ग.शासन
मान.नीलू शर्मा
पूर्व अध्यक्ष गृह निर्माण मंडल छ.ग.
मान.यज्ञदत्त शर्मा
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष
मान.वीरेन्द्र साहू
पूर्व विधायक
मान.अभिषेक शुक्ला
प्रदेश कार्यसमिति सदस्य
मान.कृष्णाकांत पवार
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा
मान.राकेश यादव(छोटू)
पूर्व जिला महामंत्री भाजपा
मान.होरीलाल रावटे
पूर्व जिला पंचायत सदस्य
मान.दिलीप शर्मा
कोषाध्यक्ष जिला भाजपा
मान. राजा दीवान
भाजपा नेता
मान. सौरभ लूनिया
भाजपा नेता
शपथ ग्रहण समारोह
मान. यशवंत जैन
पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग
मान. देवलाल ठाकुर
प्रदेश प्रवक्ता
मान. देवेन्द्र जायसवाल
पूर्व सदस्य राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग
मान. पवन साहू
पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद
नवनिर्वाचित नगर पंचायत डौण्डीलोहारा
अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम
एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह
मुख्य अतिथि
मान. गजेन्द्र यादव
विधायक दुर्ग
अध्यक्षता
मान. चेमन देशमुख
जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद
विशिष्ट अतिथि
मान. राकेश यादव
पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं
चुनाव प्रभारी न.पा. डौण्डीलोहारा
कार्यक्रम
दिनांक : 5 मार्च 2025, बुधवार
समय : दोपहर 3 बजे
स्थल : नगर पंचायत कार्यालय के सामने, डौण्डीलोहारा
श्रीमती कुसुम शर्मा
अध्यक्ष, भाजपा मंडल डौण्डीलोहारा
श्रीमती सूर्यकला ठाकुर
पार्षद, वार्ड क्र. 1
श्रीमती गायत्री देवांगन
पार्षद, वार्ड क्र. 2
श्रीमती ममता शर्मा
पार्षद, वार्ड क्र. 3
शोभा ठाकुर
पार्षद, वार्ड क्र. 4
श्रीमती सुभद्रा टांडेकर
पार्षद, वार्ड क्र. 5
श्रीमती नेहा उपाध्याय
पार्षद, वार्ड क्र. 6
राकेश सांखला
पार्षद, वार्ड क्र. 7
बीरसिंग कोसमा
पार्षद, वार्ड क्र. 8
श्रीमती रेवती कोलियारे
पार्षद, वार्ड क्र. 9
जुगरू बघेल
पार्षद, वार्ड क्र. 10
श्रीमती शिवानी भंसाली
पार्षद, वार्ड क्र. 11
श्रीमती ममता यादव
पार्षद, वार्ड क्र. 12
अशोक उईके
पार्षद, वार्ड क्र. 13
राजेन्द्र निषाद
पार्षद, वार्ड क्र. 14
किशोर दीवान
पार्षद, वार्ड क्र. 15
लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
नगर पंचायत डौण्डीलोहारा
विनीत- एक शुभचिंतक, डौण्डीलोहारा जिला-बालोद (छ.ग.)

**खबर संक्षेप**



## नेवारीकला में निकाली गई शोभायात्रा

**लाटाबोड़।** ग्राम नेवारीकला में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के आठवें दिन कथा वाचिका गीतांजलि शर्मा ने भगवान श्री कृष्ण के 16108 विवाह की कथा बताई। इसके साथ ही बाणासूर उद्धार, सुदामा चरित्र तथा परिक्षित मोक्ष की कथा सुनाई। उसके बाद भागवत भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## शिकसा महोत्सव 9 मार्च को

**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में राज्य स्तरीय पारिवारिक वार्षिक सम्मेलन का आयोजन शिकसा महोत्सव 2025 के रूप में 9 मार्च को भारती विश्वविद्यालय पुलगांव चौक दुर्ग में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने बताया कि कार्यक्रम में साहित्य संकलन मैं शिक्षक हूं व वार्षिक कैलेन्डर का विमोचन किया जाएगा। इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम, द्वार सजाओ रंगोली प्रतियोगिता के साथ ही पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह भी रखा गया है।



## कबाड़ी से सांठगांठ आरक्षक सस्पेंड

**भिलाई।** शहर के कुख्यात कबाड़ी आर्य नगर कोहका निवासी ललित साहू और प्रेम साहू से लगातार वाट्सअप कॉलिंग पर बातचीत के मामले में एसीसीयू के आरक्षक रिंकू सोनी को एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने गंभीरता से लेते हुए सस्पेंड कर दिया है। आरक्षक रिंकू सोनी क्राइम ब्रांच में पदस्थ था,वह शहर के शातिर कुख्यात कबड्डी ललित साहू और प्रेम साहू से लगातार मोबाइल और व्हाट्सएप पर बातचीत कर रहा था। अपराधियों से इस प्रकार की नजदीकी को संदिग्ध आचरण मानते हुए एसपी जितेन्द्र शुक्लोा ने यह कार्रवाई की।

**प्रवचन : श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद में श्रीमद् भागवत कथा जारी**

# बिना भक्ति नहीं मिलते भगवान : प्रमोद कृष्ण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग व बालोद जिला के मध्य मेन रोड पर खप्परवाड़ा से 3 किमी की दूरी पर स्थित श्री विष्णु धाम महायज्ञ ओटेबंद बगीचा मंदिर परिसर में वृंदावन से आए हुए कथा प्रवक्ता श्रद्धेय प्रमोद कृष्ण दास ने भक्ति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ज्ञान और वैराग्य के बिना भक्ति बाँझ है। भागवत जी के अनुसार ज्ञान वैराग्य भक्ति के ही पुत्र हैं।

बिना भक्ति भगवान नहीं मिलते किंतु जब तक हृदय में ज्ञान और वैराग्य का प्रादुर्भाव ना हो तब तक भक्ति पुष्ट नहीं होती। आज समाज में सबसे बड़ी समस्या है कि लोग भक्ति तो करते हैं किंतु ज्ञान और वैराग्य से कोसों दूर होते हैं।





जिस कारण वह पाखंड पर उतर आते हैं। शास्त्र की आज्ञा नहीं मानते, संतों का सम्मान नहीं करते। अतः अंततः उन्हें भक्ति का ही अभिमान घेर लेता है, जिस कारण उनका पतन हो जाता है। आज की कथा के अंतर्गत शुकदेव की सुंदर झांकी के दर्शन हुए साथ ही महाराज जी ने महाभारत ग्रंथ के कुछ चरित्रों और हमारे जीवन में उनकी उपयोगिता के विषय में चर्चा की। भागवत प्रवचन के परीक्षित में बैठे शेर सिंह देशमुख और केजिया बाई देशमुख ने बताया कि 1 से 11 मार्च तक प्रतिदिन रात्रि 7.30 बजे से श्री श्री भरत राम लीला मंडली ग्राम सतमरा द्वारा रामलीला की प्रस्तुति दी जा रही है।

### तरह-तरह के झूले बने आकर्षण का केंद्र

श्रीमद् भागवत कथा के साथ ही कार्यक्रम स्थल के पास ही श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले लगाए गए हैं। अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि यहां ज्वाइंट व्हील झूला, टोटा टोटा झूला, ब्रेक डांस झूला, ग्लोबल झूला, सुपर टाइगर झूला, हेलीकॉप्टर झूला के साथ ही बच्चों के लिए त्री वन, मैक्स झूले लगाए गए हैं। इसके साथ ही खरीदारी करने के लिए घरेलू सामान का बाजार लगा हुआ है। श्री सिन्हा ने बताया कि वे 16 वर्ष से यहां झूला लगा रहे हैं।

## संतोष से बड़ा कोई सुख नहीं है : पं सौरभ

**बालोद।** श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन श्री साईं महिला मानस मंडली कुर्मीपारा बालोद में किया जा रहा है। कथा के छठवें दिन पंडित सौरभ शर्मा ने बताया कि संतोष से बड़ा कोई सुख नहीं है। उन्होंने भगवान श्री गणेश एवं कार्तिकेय के जन्म की कथा सुनाई। इसके साथ ही पंडित सौरभ शर्मा महाराज ने जालंधर की कथा में कहा कि जालंधर की पत्नी वृंदा पतिव्रता थीं। भगवान शिव ने अपनी तीसरी आंख से निकलने वाले तेज को समुद्र में फेंका था, जिससे जलंधर का जन्म हुआ। जालंधर बहुत शक्तिशाली असुर था। वह इंद्र को हराकर तीनों लोकों का राजा बन गया था। जालंधर का विवाह वृंदा से हुआ था। वृंदा, कालनेमि नामक असुर की बेटी थीं, लेकिन वह भगवान श्री विष्णु की बहुत बड़ी भक्त थीं। तीनों लोकों पर अपना आधिपत्य जमाने के बाद जलंधर का आतंक बढ़ता ही गया और वह कैलाश पहुंचकर माता पार्वती जी को अपने अधीन करना चाहता था। इस पर शिव जी क्रोधित हो गए और महादेव और जलंधर के बीच युद्ध हुआ। इस युद्ध में जालंधर की हार तब हुई जब वृंदा का पतिव्रत धर्म टूट गया, शिव ने जलंधर का वध कर दिया।

■ कुर्मीपारा बालोद में श्री शिव महापुराण कथा जारी





### दूसरों की भलाई में ही अपनी भलाई है

आगे कथा में बताया कि जिसमें काम की अत्यधिकता है उसे राक्षस बताया और जो दूसरों का भला करते हैं उन्हें देवतुल्य कहा गया है। दृष्टांत देते हुए उन्होंने बताया कि एक बार ब्रह्मा जी ने देव एवं दैत्य को भोजन का निमंत्रण दिया, जिसमें ब्रह्मा जी सभी के हाथ में लकड़ी बांध दिया और अलग-अलग कक्ष में बिठाया, वही खाने के लिए भोजन को उठाया तो दैत्यों को भोजन प्राप्त नहीं हुआ, बल्कि भोजन गिर जाता तो उन्होंने ब्रह्मा जी से कहा कि हमारे साथ भेदभाव कर रहे हैं, हमारे हाथ को लकड़ी से बांधकर हमे खाने को कह रहे हैं तो उन्हें बताया जाकर देखो देव कैसे भोजन कर रहे हैं, वहां जाकर देखा तो देवगण के हाथों में भी लकड़ी बंधी थी, किंतु देवता गण लकड़ी बंधी होने के बावजूद भोजन को एक दूसरे को खिलाते हुए बड़े आराम से भोजन कर रहे थे।

## मन को भाने लगे पलाश के फूल....



**दल्लीराजहरा।** वसंत ऋतु के बीतने व होलिका पर्व के नजदीक आते ही दल्लीराजहरा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पलाश के फूल चारों ओर दिखाई देने लगे हैं। पेड़ों पर पलाश के फूलों की बहार छाई हुई है, जिससे वातावरण का सौंदर्य बढ़ गया है। दल्लीराजहरा से बालोद मुख्य मार्ग के सड़कों के किनारे लगे पलाश के पेड़ों पर आए फूलों ने सड़कों की रौनक बढ़ा दी है। पलाश के फूल, पत्ते व लकड़ी स्वास्थ्य के लिए भी काफी महत्वपूर्ण होते हैं, जिससे कई रोगों की दवाई बनाई जाती है। टेसू के फूलों से होलिका पर्व पर रंग भी बनाया जाता है। टेसू के पेड़ ग्राम पथराटोला,अरमुरकसा,कुसुमकसा,गुजरा,दानीटोला आदि ग्रामों में हैं, जहां का वातावरण इन दिनों ऐसा लगने लगा है मानो पेड़ पर किसी ने दहकते अंगारे लगा दिए हैं।

## प्रदेश सरकार के बजट में नया कुछ भी नहीं है : विधायक संगीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



प्रदेश सरकार के बजट में नया कुछ भी नहीं है, पिछले बजट के आंकड़ों में फेरबदल कर नया रूप देकर सब्जबाग दिखाया जा रहा है, जबकि प्रदेश सरकार पिछले बजट की राशि को भी खर्च नहीं कर सकी।

सबसे कमजोर स्थिति महिला एवं बाल विकास विभाग की है। उक्त बातें विधायक संगीता सिन्हा ने प्रदेश सरकार द्वारा 3 मार्च को प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कही। संगीता सिन्हा ने कहा कि महतारी वंदन योजना में नए पंजीयन नहीं हो रहे हैं, पोर्टल नहीं खोला। जबकि बीते एक साल में हजारों महिलाएं पात्र हो चुकी हैं। संगीता सिन्हा ने कहा बुजुर्गों को 500 के स्थान पर एक हजार देने की मांग की थी, लेकिन उसका कोई प्रावधान नहीं है। संगीता सिन्हा ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए पिछले बजट में 8 करोड़ का प्रावधान था, वह खर्च नहीं हुआ। वर्तमान में बजट घटाकर दो करोड़ कर दिया गया। जर्जर आंगनबाड़ी के लिए भी कोई पहल नहीं की गई है। महिला ससक्तीकरण केन्द्र के लिए 10 करोड़ प्रावधान था, वह भी खर्च नहीं किया गया है। संगीता सिन्हा ने आरोप लगाया कि महिलाओं के हित संवर्धन के लिए सरकार कार्य करने में विफल रही है। संगीता सिन्हा ने कहा कि इस बजट में युवाओं के लिए कुछ भी नहीं है, बेरोजगारी भत्ता का कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रोजगार के नए अवसर सृजन करने कोई योजना नहीं है, नौकरी का कोई नया पद् स्वीकृत नहीं किया गया है। संगीता सिन्हा ने कहा कि बजट में कृषि, सिंचाई के लिए कुछ भी नहीं है।

## रेंगाडबरी में सरपंच भावना सहित सभी पंचों ने ली शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल ग्राम रेंगाडबरी में नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों का सोमवार को शपथ ग्रहण कराया गया। रेंगाडबरी की नवनिर्वाचित सरपंच भावना जैन एवं सभी पंचों का ग्रामीणों ने पुष्प भैंटकर एवं गुलाल लगाकर स्वागत किया। शाम 5 बजे से रेंगाडबरी में सरपंच ने जीत की खुशी में महाभंडारा भोजन प्रसादी का कार्यक्रम रखा। खाना बनाने एवं परोसने का कार्य स्वयं ग्रामीणों ने किया। भंडारा कार्यक्रम में डौण्डीलोहारा से नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम, जसराज शर्मा, निखिल शर्मा, धनेश यादव आदि ने भोजन प्रसादी ग्रहण किया। साथ ही साथ रेंगाडबरी से पूर्व सरपंच इन्द्रपाल तुमरेकी, निरंजन पडौती, जयेश जैन, पाल सिंह यादव, रेवा शंकर सोनी, गोपाल सिन्हा, शेखर निषाद, डोमार सिंह नायक, महेंद्र निषाद, मदन माहला, शिव कुमार सेन, प्रकाश चंद जैन, नंदू भंडारी, प्रकाश यादव, खेलूराम सहित अन्य ग्रामीण जन भी उपस्थित रहे।

## शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में करें : चंद्रवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में संचालित केन्द्र व राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। जिससे कि आम जनता को समय-सीमा में शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ मिल सके। बैठक में चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा भी की। बैठक में चन्द्रवाल ने राजस्व विभाग के अधिकारियों से रबी गिरदावरी के कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार रबी गिरदावरी के कार्य को निर्धारित समयावधि में त्रुटिरहित ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने अधिकारियों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी योजना के अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदे गए धान की उठाव के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों से दलहन और तिलहन फसलों की पंजीयन की स्थिति एवं किसानों को उनके उपज का वाजिब दाम दिलाने हेतु फसलों की बिक्री की व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।

■ साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

### विशेष प्राथमिकता के साथ करें राजस्व प्रकरणों का निराकरण

इस दौरान उन्होंने जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने राजस्व अधिकारियों को राज्य शासन के निर्देशानुसार निर्धारित समयावधि में विशेष प्राथमिकता के साथ राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने जिले के किसानों को शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने हेतु किए जा रहे किसान पंजीयन के कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को विशेष प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में हाई कोर्ट में लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने अंतर विभागीय समन्वय के प्रकरणों की भी समीक्षा की।

## ग्राम गुजरा में लोगों ने लिया फाग उत्सव का आनंद

### राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



छत्तीसगढ़ी संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सेवानिवृत्त आईएएस जीआर चुरेन्द्र के प्रयासों से बालोद विकासखण्ड के ग्राम गुजरा के राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में फाग उत्सव का आयोजन किया गया। गुजरा में आयोजित इस फाग उत्सव में ग्राम गुजरा सहित संपूर्ण बालोद जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग पहुँचे थे।

कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए सेवानिवृत्त आईएएस जीआर चुरेन्द्र ने बताया कि इस फाग उत्सव के माध्यम से हमारे छत्तीसगढ़िया समाज व पुरखों की पुरातन व्यवस्था, तीज-त्यौहार की मौलिकता को बनाए रखने का प्रयास किया गया है। इसके अलावा इसके माध्यम से फाग गीत के मूल रूप से संस्कृति व आध्यात्मिकता को प्रस्तुत करते हुए छत्तीसगढ़िया समाज को सहेजने व जोड़ने का भी प्रयास किया गया है। इस आयोजन के माध्यम से विभिन्न जातीय व समाज के प्रतिनिधि मुखिया एक साथ मिलकर अर्न्तसंबंधों को बढ़ाते हुए मित्रभाव व एक परिवार के रूप में रहते हुए परस्पर भाईचारा, सद्भावना व सहयोग का वातावरण बनाए रखने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में बड़ी संख्या में जिले के विभिन्न स्थानों के लोगों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कराकर कार्यक्रम को अपार स्नेह एवं सहयोग प्रदान किया है।

### बाइक सवार की सड़क हादसे में मौत

**भिलाई।** अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। वहीं अन्य युवक को गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 106 (1), 125 (ए), 281 के तहत जुर्म दर्ज किया है। धमधा पुलिस ने बताया कि ग्राम नवघटा थाना सहसपुर लोहारा जिला कबीर धाम निवासी यशवंत साहू 28 वर्ष रोजी मजदूरी का काम करता है। शिकायत किया कि 2 मार्च को उसका भाई गिरवर साहू अपनी बाइक में दोस्त सियाराम निषाद को पीछे बैठाकर अकलवारा से देवकर धमधा मुख्य मार्ग होकर रायपुर जा रहा था। इस दौरान शेखर पोल्ट्री फार्म भरनी के सामने धमधा बेमेतरा सड़क पर अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार दी। राहगीरों ने पुलिस को फोन से सूचना दी। इसके बाद घायल को सीएचसी धमधा इलाज के लिए भेजा गया।

## ग्राम बोरी की नवनिर्वाचित सरपंच अम्बिका ने ली शपथ



**लाटाबोड़।** बालोद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत बोरी की नवनिर्वाचित सरपंच अम्बिका ठाकुर ने सोमवार को शपथ ग्रहण कर पदभार लिया। इस दौरान पूर्व सरपंच, पंचों व ग्रामीणों ने नए सरपंच का स्वागत किया। शपथ ग्रहण के बाद सरपंच अम्बिका ठाकुर ने कहा कि जिस विश्वास से आप लोगों ने उन्हें सरपंच पद का दायित्व सौंपा है, उनके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करूंगी। शासन की सभी योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को दिलाने का पूरा प्रयास करूंगी। इस अवसर पर सचिव नरेश यदु, नवनिर्वाचित पंच राजेश्वरी देशलहरे, जामुन बाई साहू, खेमीन बाई, योगिता साहू, टिकेश्वरी, भूमिका साहू, कान्ति साहू, छबिला सेन, कुंजबिहारी साहू, खीलेश्वर साहू, रविन्द्र निषाद, रेखा साहू, दिनेश कुमार साहू, कामिनी बाई साहू, मीरा बाई ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।







